# महिला उद्यमियों के लिए ग्रेनो के बाद छह और विशेष क्लस्टर

## लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर प्रयागराज व बुंदेलखंड में होंगे स्थापित

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इनमें केवल महिलाओं को भूखंड आवंटित होंगे। साथ ही अनेक रियायतें मिलेंगी। इसकी शुरुआत 500 एकड़ में ग्रेटर नोएडा से हो चुकी है। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के आधार पर इसे कई अन्य शहरों में स्थापित किया जाएगा। इनमें लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज और बुंदेलखंड शामिल हैं।

महिला उद्यमियों के लिए अलग क्लस्टर योजना शुरू करते हुए यमुना प्राधिकरण ने 500 एकड़ जमीन में 700 महिला उद्यमियों को भूखंड आवंटित किए। इसी तरह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भी महिला उद्यमियों के लिए क्लस्टर विकसित किया गया है। क्लस्टर में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ढेरों योजनाएं व सब्सिडी का प्रावधान पहले से ही है, लेकिन पुरुष प्रधान समाज में आज भी लोकलाज, प्रशिक्षण, पूंजी, परिवार के सहयोग का अभाव जैसी कई बाधाएं महिलाओं के उद्यमी बनने की राह में हैं। देश में कुल उद्यमियों में सिर्फ 16% महिलाएं हैं। इसके अलावा, सभी औपचारिक उद्यमों में से 12% का स्वामित्व महिलाओं के पास है।

**■ सुरक्षा से लेकर प्रौद्योगिकी तक एक ही छत के नीचे**

महिलाओं के उद्यमी बनने की दिशा में तेजी से बदलाव आ रहा है। इसी को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार ने क्लस्टर का प्रस्ताव तैयार कराया है। यहां सुरक्षा से लेकर प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण से लेकर उद्यम से जुड़ी सभी जरूरतें एक छत के नीचे होंगी।

## उद्यमी बोले- जल्द जमीन दीजिए, उत्तर प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ बनाइए

लखनऊ। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के शीर्ष उद्योगपतियों ने कहा है कि यूपी की छवि में अप्रत्याशित बदलाव आया है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, कानून व्यवस्था और उद्योग नीतियों ने निवेशकों को आकर्षित किया है। निवेश को गति देने के लिए कारोबारियों ने जमीन की जल्द उपलब्धता और समय से सब्सिडी देने की मांग की है। कहा, यह सब होने से यूपी मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ बन जाएगा।

कारोबारियों ने डिफेंस एंड एयरोस्पेस पॉलिसी से अलग कॉमर्शियल एयरलाइंस और एयरोस्पेस पॉलिसी का भी सुझाव दिया। सीआईआई नार्दर्न रीजन की बैठक राजधानी में शुक्रवार हुई। इसमें ल्यूमैक्स डीके जैन समूह के चेयरमैन दीपक जैन, जेके सीमेंट के सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया, गोल्डी मसाले के निदेशक आकाश गोयनका, पीटीसी इंडस्ट्रीज की निदेशक स्मिता अग्रवाल आदि ने निवेश को लेकर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। ब्यूरो



सीआईआई की बैठक में कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी व उद्यमी।

### सरकार पर उद्योग जगत का भरोसा मजबूत

मौके पर माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि यूपी में 1500 करोड़ का निवेश कर चुके हैं। कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, अबाध बिजली और सकारात्मक नीतियों से उद्योग जगत का सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और बीडा के गठन से इस क्षेत्र की किस्मत बदलेगी। दीपक जैन ने कहा कि यूपी खुद में 25 करोड़ लोगों का भारी भरकम बाजार है। ऐसे में यहां ज्यादा से ज्यादा उत्पादन इकाइयां लगाने पर फोकस होना चाहिए, क्योंकि हमें अपना माल बेचने के लिए कहीं भटकने की जरूरत ही नहीं है।

>> अलग पॉलिसी यूपी को बनाएगी एयरोस्पेस इंडस्ट्री का केंद्र : पेज 2